# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी

E.Mail. dfouttarkashifd@gmail.com Fax No-01374222964 Tel.No- 01374222444


पत्रांक- 4049 /12-1, कोटबंगला दिनांक 04/05/2026

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
उत्तरकाशी।

विषय :– जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत सिलक्यारा शिवगुफा से मंजगांव तक मार्ग के निर्माण हेतु 1.31 है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त हुए 05 वर्ष व्यतीत होने के कारण भी विधिवत स्वीकृति प्राप्त न होने के कारण NPV की संशोधित दरों के अनुसार निर्धारण कर अतिरिक्त धनराशि के मांग पत्र के सम्बन्ध में। ऑनलाईन प्रपोजल संख्या– FP/UK/ROAD/26799/2017.

सन्दर्भ :– प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड देहरादून का पत्रांक–1257/PO दिनांक 03.06.2022 एवं वन संरक्षक भागीरथी वृत्त, मुनि की रेती का पत्रांक–2430/1–14 दिनांक 09.06.2022 ।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्रों के द्वारा प्राप्त निर्देशों के कम में अवगत कराना है कि ऐसे प्रकरण जिनमें सैद्धान्तिक स्वीकृति (Stage-I Approval) जारी हुए 05 साल से अधिक समय व्यतीत हो चुका हो की जा चुका है परन्तु वर्तमान समय तक विधिवत स्वीकृति (Stage-II Approval) प्राप्त नही हुई है, में NPV की संशोधित दरों के अनुसार निर्धारण कर अतिरिक्त धनराशि का मांग पत्र जारी कर प्रस्तावक विभाग से अतिरिक्त धनराशि वसूल करने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के कम में आपको अवगत कराना है कि विषयगत मोटर में दिनांक 21.10.2020 को सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है जिसे 05 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, परन्तु आतिथि तक विधिवत स्वीकृति प्राप्त नही हो पाई है, जिस कारण एन0पी0वी0 बढी हुई नई दरों के अनुसार धनराशि जमा की जानी अपेक्षित है।

अतः विषयगत मोटर मार्ग में सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त हुए 05 वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त भी विधिवत स्वीकृति प्राप्त न हो पाने के कारण NPV की संशोधित दरों के अनुसार अतिरिक्त धनराशि जमा करने हेतु संशोधित डिमाण्ड नोट निम्नानुसार प्रेषित किया जा रहा है :–

| प्रस्ताव संख्या | ईको क्लास | क्षेत्रफल (है0 में) | Stage-I की तिथि | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा पूर्व में जमा किये गये एन0पी0वी0 धनराशि का विवरण | | | वर्तमान में निर्धारित नई दरों के अनुसार एन0पी0वी0 धनराशि का आंकलन | | | जमा किये जाने वाली अवशेष एन0पी0वी0 की धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | औसत घनत्व | दर प्रति है0 | धनराशि (रू0 में) | औसत घनत्व | दर प्रति है0 | धनराशि (रू0 में) | |
| FP/UK/ROAD/26799/2017 | V | 1.31 | 20.02.2020 | 0.2 | 657000.00 | 860670.00 | 0.2 | 1005210.00 | 1316825.10 | **456155.10** |

उपरोक्तानुसार जमा किये जाने वाली अवशेष एन0पी0वी0 की धनराशि रू0 **456156.00** का **(Challan Generate)** कर ऑनलाइन नोडल अधिकारी कार्यालय में जमा करने के उपरान्त जमा धनराशि की चालान सहित सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि परियोजना हेतु अग्रिम आवश्यक कार्यवाही समय से की जा सके। इसके अतिरिक्त सैद्धान्तिक स्वीकृति में उल्लेखित सभी शर्तो की अनुपालन आंख्या परिवेश पोर्टल में अपलोड करने के उपरान्त इस कार्यालय को मय संलग्नक हार्ड प्रति में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

भवदीय
(डी0पी0 बलूनी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी।

पत्रांक 4049 / तद्‌दिनांकित।

प्रतिलिपि –

1. अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड देहरादून उक्त के कम में सूचनार्थ प्रेषित।
2. वन संरक्षक भागीरथी वृत्त, मुनि की रेती को उनके सन्दर्भित पत्र के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डी0पी0 बलूनी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी।

O/C

D:\DraftMan Letter\Letter - 2026 docx

CamScanner

# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी

E.Mail. dfouttarkashifd@gmail.com Fax No-01374-222964 Tel.No- 01374-222444


पत्रांक– 5034 /12–1, कोटबंगला, दिनांक 05 / 06 /2026

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
उत्तरकाशी

विषय :– जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत सिलक्यारा (शिवगुफा) से मंजगांव मोटर मार्ग कार्य के संबंध में। प्रस्ताव संख्या– (FP/UK/ROAD/26799/2017)।

सन्दर्भ :– आपका कार्यालय पत्रांक– 962/वनभूमि, दिनांक– 16.05.2026।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र से आपके द्वारा जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत सिलक्यारा (शिवगुफा) से मंजगांव मोटर मार्ग कार्य प्रस्ताव संख्या– FP/UK/ROAD/26799/2017 में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित स्थल में वृक्षारोपण कर दिया गया है अथवा नहीं से सम्बन्धित प्रमाण पत्र दिया जाना शेष है के संबंध में इस कार्यालय को पत्र लिखा गया था, जिस हेतु इस कार्यालय के पत्र– 4442/12–1, दिनांक– 23.05.2026 द्वारा वन क्षेत्राधिकारी धरासू वन राजि को आख्या उपलब्ध कराने हेतु पत्र लिखा गया।

उक्त के अनुपालन में वन क्षेत्राधिकारी धरासू वन राजि द्वारा अपने कार्यालय पत्र– 1153/12–1, दिनांक– 23.05.2026 तथा उप प्रभागीय वनाधिकारी, धरासू उप वन प्रभाग की संस्तुति के आधार पर जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत सिलक्यारा (शिवगुफा) से मंजगांव मोटर मार्ग कार्य प्रस्ताव संख्या– FP/UK/ROAD/26799/2017 में प्रयुक्त 1.31 हे0 वन भूमि के बदले ग्राम वाण की वर्तमान नॉन जेड0ए0 में उत्तराखण्ड सरकार की वर्ग 9(3)ड. की भूमि में दर्ज खसरा संख्या– 1762 रक्बा 2.62 हे0 सिविल सोयम भूमि में क्षतिपूरक वृक्षारोपण कार्य वर्ष 2022–23 में पूर्ण कर लिया गया है, जिसका प्रमाण पत्र संलग्न कर प्रेषित है।

अतः उक्त सूचना सादर प्रेषित है।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(डी0पी0 बलूनी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी।

# प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड डुण्डा के अन्तर्गत सिलक्यारा (शिवगुफा) से मंजगांव मोटर मार्ग प्रस्ताव संख्या– FP/UK/ROAD/26799/2017 के निर्माण कार्य हेतु 1.31 हे0 वन भूमि हस्तान्तरण के एवज में प्राप्त क्षतिपूरक वृक्षारोपण ग्राम वाण की वर्तमान नॉन जेड0ए0 में उत्तराखण्ड सरकार के स्वामित्व के वर्ग 9(3)ड. भूमि खसरा संख्या– 1762 रक्बा– 2.62 हे0 सिविल सोयम भूमि में वर्ष 2022–23 विभिन्न प्रजाति की 2882 पौधों का वृक्षारोपण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

(डी0पी0 बलूनी)
प्रभागीय वनाधिकारी,
उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी।